आदिवासी समाज के अधिकारों के सवाल पर पीछे नही हटेगें : दिग्विजय

बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को कांग्रेस ने घेरा, स्वास्थ्य व्यवस्था पर उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आदिवासी कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त अनिश्चित कालीन न्याय सत्याग्रह में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा.

उन्होने आदिवासी अधिकार, वन अधिकार कानून, सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था, नर्सिंग कॉलेज, दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दे उठाते हुए सरकार को घेरा. उन्होने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति, जंगल, धरती, सूर्य और अग्नि को पूजने वाला समाज है. सरकार नही मानी तो पूरे प्रदेश के आदिवासियों को लेकर बड़ा आंदोलन करेगें. पूर्व मुख्यमंत्री ने रीवा और सतना सहित प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने बच्चों की मौत के मामलों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने के बजाय मामलों को दबाने का प्रयास किया गया. उन्होंने सरकारी अस्पतालों में सफाई, दवाओं, चिकित्सकीय सेवाओं और प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था को लेकर सरकार से जवाब मांगा. दिग्विजय सिंह ने संजय गांधी अस्पताल और श्याम शाह मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के प्रयासों से संजय गांधी अस्पताल के लिए बड़े स्तर पर स्वीकृतियां मिली थीं, लेकिन वर्तमान में अस्पताल की स्थिति को लेकर जनता में आक्रोश है. नर्सिंग कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित स्टाफ की कमी को लेकर भी उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए. उन्होने स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि वह ठेकेदारी करते थे, राजनीत उनके बस की नही है. उन्होने कहा कि कांग्रेस शांतिपूर्ण और गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेगी. लेकिन आदिवासी समाज और जनता के अधिकारों के सवाल पर पीछे नही हटेगी. आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामूटेकाम, जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, विधायक अभय मिश्रा, नारायण पट्टा, ओंकार सिंह मरकाम, राकेश मरकाम, महापौर अजय मिश्रा, शहर अशोक पटेल, रवि तिवारी, राजमणि पटेल गुरूमीत सिंह आदि मौजूद रहे.

जंतर-मंतर जैसे आंदोलन की जरूरत है : अजय सिंह

पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अजय सिंह राहुल ने अपने चिर-परिचित बघेली अंदाज में भाजपा सरकार और स्वास्थ्य मंत्री पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि इतना जल्दी इस्तीफा नहीं देंगे और भाजपा भी अपने मालदार को नाराज नहीं करेगी .उन्होंने कहा कि यदि दिल्ली में हुए आंदोलन जैसा आंदोलन यहां भी हुआ तो शायद बात बन जाए और प्रधान जी की तरह शुक्ला जी की भी विदाई हो जाए. अजय सिंह ने कहा कि जो मंत्री और विधायक अपने गृह जिले के लोगों को व्यवस्थित स्वास्थ्य सुविधा नहीं दे सकता, वह प्रदेश की जनता के साथ कैसे न्याय करेगा.

उप मुख्यमंत्री के आवास में प्रवेश के विरोध में सड़कों पर दिखा जन-आक्रोश

व्यापारी, जनप्रतिनिधि हुए शामिल, आईजी को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के अमहिया स्थित आवास में 6 सितंबर को अवैधानिक तरीके से प्रवेश करने के प्रयास एवं हंगामे की घटना के विरोध में सोमवार को रीवा नगर में जोरदार प्रदर्शन किया गया.

नगर के विवेकानंद पार्क में एकत्रित भाजपाई, व्यापारिक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हाथों में तखतिया लेकर सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग के नारे लगाते हुए पार्क से पैदल चलते हुए आईजी कार्यालय पहुंचे. जहां पर मांग पत्र सौंप कर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई. प्रदर्शनकारियों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तथा उपद्रव करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग की. प्रदर्शन के बाद पुलिस महानिरीक्षक, रीवा जोन के नाम ज्ञापन सौंपकर घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई. भाजपा नेताओं ने कांग्रेस एवं घटना में शामिल बताए जा रहे सामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए किसी दुखद घटना को मुद्दा बनाकर शहर का माहौल खराब करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. रीवा की जनता शांति, कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के साथ है. प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर की जाए, ताकि वास्तविक दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो सके. प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी सामाजिक फुटकर विक्रेता संघ के पदाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, केपी त्रिपाठी, विद्या प्रकाश श्रीवास्तव, राम सिंह, राजेंद्र ताम्रकार, श्रीमती मनीषा पाठक, राजगोपाल चारी, कमलेश सचदेवा, प्रबोद व्यास, नारायण मिश्रा, योगेंद्र शुक्ला, गणेश अग्रवाल, बंसी साहू, सुशील खरे, राजन वर्मा, अशोक ऋषि पूर्णिमा तिवारी, दीनानाथ वर्मा, देवेंद्र सोहगौरा, अधिवक्ता संघ के सचिव सुलभ पांडे, श्रीमती सरिता सिंह, सतीश सिंह, महेंद्र तिवारी, प्रेम प्रकाश पांडे, प्रकाश सोनी शिवम आदि मौजूद रहे.

अपराधियों जैसा आचरण कर रहे है : सांसद

प्रदर्शन को रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने बाल जीवन से राजनीति की है परंतु कभी इस तरह की राजनीति नहीं देखी जब मर्यादाओं का उल्लघन इस तरह से हो रहा है. सत्ता की भूख में विरोधी दल के लोग सभी मर्यादाओं को भूल कर अपराधियों जैसा आचरण कर रहे हैं. घरों में वैधानिक रूप से घुस रहें रीवा की राजनीति में रगे हुए सियार आ गए हैं जिनके लिए राजनीति सिर्फ खेल है. मैं ऐसे लोगों को चेतावनी देना चाहता हूं की अति ना करें काजल की कोठरी में बैठे हुए हैं. राजनीतिक विरोध को व्यक्तिगत विरोध न बनाए.

संक्षिप्त

कमिश्नर 9 को करेंगे विभिन्न विभागों की समीक्षा

रीवा, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह 9 सितम्बर को शाम 4 बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे. बैठक में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस एवं आबकारी विभाग से जुड़े मुद्दों की समीक्षा करेंगे. सभी संबंधित अधिकारियों को 8 सितम्बर तक एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी प्रस्तुत करने तथा बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं. संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय एनआईसी केन्द्र से बैठक में शामिल होंगे.

इंडिया स्किल कम्पटीशन के लिए पंजीयन शुरू

रीवा, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के नोडल प्राचार्य ने जानकारी दी है कि इंडिया स्किल कम्पटीशन का आयोजन किया जा रहा है. इस हेतु वर्ष 2026-27 के लिए नवीन पंजीयन शुरू हो चुके हैं. पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है. उम्मीदवार पंजीयन के लिए क्यूआर कोड अथवा लिंक के माध्यम से सीधे पंजीयन कर सकते हैं. उन्होंने अधिक से अधिक उम्मीदवारों से पंजीयन की करने की अपील की है.

विंध्य के लाल ज्योतिषी विक्रम हुए सम्मानित

रीवा, 05 सितम्बर को देश की राजधानी दिल्ली के प्रेशियस फॉरेवर बैंक्वेट हॉल में हुए ज्योतिष सम्मेलन में रीवा के ज्योतिषी विक्रम शुक्ला को स्टार अचीवर अवार्ड से फ़िल्म अभिनेत्री अदा शर्मा एवं प्रसिद्ध ज्योतिषी गुरुदेव जी डी वशिष्ठ द्वारा सम्मान प्रदान किया गया. इस सम्मेलन में देश के और भी जाने माने ज्योतिषविद, जय प्रकाश शर्मा लाल धागे वाले, राजीव शर्मा, मुकेश परासर, नेहा सदाना एवं अन्य ज्योतिषीगण एवं कार्यक्रम की आयोजक टैरो क्वीन मीनू शर्मा उपस्थित रहीं.

उपचार व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात

रीवा, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मेडिकल कालेज, शासकीय संजय गांधी अस्पताल, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तथा कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में उपचार व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए अधिकारी तैनात किए हैं. तैनात अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए निरीक्षण करके सुझाव दिए जाएंगे. इनमें किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे. जारी आदेश के अनुसार सोमवार को एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी तथा मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर जितेन्द्र तिवारी की ड्यूटी लगाई गई है. बुधवार को अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी एवं गुरूवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सृष्टि देशमुख निरीक्षण करेंगी. इसी तरह शुक्रवार को आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन तथा शनिवार को संयुक्त कलेक्टर सुधीर बेक अस्पतालों का भ्रमण करेंगे.

कमी वाली समितियों को धान उपार्जन का कार्य नहीं

रीवा, कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी, जिला प्रबंधक नागरिक का पूर्ति निगम तथा समिति के अन्य सदस्य सहकारी समितियों की पात्रता का निर्धारण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें. किसी भी अपात्र समिति को धान उपार्जन का कार्य नहीं दिया जाएगा. गेहूं उपार्जन तथा गत वर्ष के धान उपार्जन में यदि समिति ने किसी भी तरह की गड़बड़ी की है, उसके विरुद्ध कोई अपराधिक प्रकरण दर्ज हुआ है तथा अन्य अनियमितताएं पाई गई हैं तो उसे भी उपार्जन का कार्य नहीं दिया जाएगा. कलेक्टर ने कहा की 15 सितंबर से धान उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन किया जाएगा. पंजीयन कराने के लिए फार्मर आईडी होना आवश्यक है. सभी किसानों को इस संबंध में विभिन्न माध्यमों से सूचना दे दें, जिससे पंजीयन कराने वाले किसान फार्मर आईडी बनवा सकें. उप संचालक कृषि भी मैदानी कर्मचारियों को किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने में सहयोग के लिए निर्देशित करें. राजस्व विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर किसानों के फार्मर आईडी बना रहे हैं. धान उपार्जन के केंद्रों का निर्धारण करने के साथ-साथ समय रहते उपार्जन संबंधी समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें. बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने खरीदी केंद्र के संबंध में जानकारी दी.

अनुपस्थित रहने वाले डाक्टरों के खिलाफ होगी सख्त कार्यवाही : शीलेन्द्र

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, रीवा संभाग के कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ने संजय गांधी चिकित्सालय एवं अन्य चिकित्सालयों में बढ़ती लापरवाही एवं आकस्मिक घटनाओं को देखते हुए सोमवार को बैठक ली.

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. प्रियंक शर्मा एवं मेडिकल कालेज के प्रभारी डीन डॉ मनोज इंदुरकर के साथ बैठक कर संजय गांधी चिकित्सालय सहित अन्य चिकित्सालयों में मरीजों के उपचार के लिए उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने कहा कि दूर-दराज से आने वाले एवं स्थानीय मरीजों का समुचित और बेहतर इलाज सभी चिकित्सालयों में सुनिश्चित किया जाए. मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए बेडशीट, कंबल एवं गद्दे साफ-सुथरे रखे जाएं.. चिकित्सालयों में नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जाती रहे. सभी डॉक्टर अपने ड्यूटी टाइम पर उपस्थित ड्यूटी टाइम से अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. कमिश्नर ने कहा कि मरीजों के इलाज में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस दौरान अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरूद्ध प्रभावशील कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी.

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विंध्य का पहला सीआरटी-पी प्रत्यारोपण

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में विंध्य का पहला सीआरटी-पी (कार्डियक रीसिंक्रोनाइजेशन थेरेपी - पेसमेकर) डिवाइस सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित कर चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया.

इस संबंध में अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल डॉ. अक्षय श्रीवास्तव ने बताया कि विगत दिनों मैहर जिले की अमरपाटन निवासी 72 वर्षीय महिला मरीज सांस फूलने, कमजोरी, जल्दी थकान और बार-बार अस्पताल में भर्ती होने जैसी शिकायतों के साथ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में आई थीं. मरीज की ईसीजी और ईको जांच करने पर पता चला कि उनके हृदय की पंपिंग क्षमता कम हो गई थी तथा हृदय के विभिन्न हिस्सों के बीच विद्युत गतिविधि में समन्वय की समस्या थी. इस स्थिति में हृदय के दोनों निचले कक्ष (वेन्ट्रिकल्स) एक साथ सही समय पर संकुचित नहीं हो पा रहे थे, जिससे हृदय की पंपिंग कार्यक्षमता प्रभावित हो रही थी.कार्डियोलॉजी विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा मरीज की विस्तृत जांच और मूल्यांकन के बाद विंध्य का पहला सीआरटी-पी डिवाइस सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया. इस जटिल एवं चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया का सफल नेतृत्व वरिष्ठ इंटरवेंशनरल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एस. के. त्रिपाठी ने किया. इस प्रक्रिया के तहत कॉलर बोन के नीचे छाती में पेसमेकर के लिए स्थान निर्धारित कर वेनिस के माध्यम से प्रवेश लिया गया. इसमें दायां एट्रियम और दायां वेंट्रिकल में क्रमशः पहली और दूसरी लीड स्थापित की गई तथा तीसरी लीड कोरोनरी साइनस में प्रत्यारोपित की गई, जो लेफ्ट वेंट्रिकल को गति प्रदान करती है. ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संतोषजनक है और वे चिकित्सीय निगरानी में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रही हैं. इस प्रकार के उन्नत एवं जटिल कार्डियक उपचार के लिए पहले रीवा एवं आसपास के मरीजों को बड़े महानगरों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन अब रीवा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ही यह आधुनिक उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है. जिससे राहत मिल रही है.

सहायक आयुक्त ने की राजस्व की समीक्षा

रीवा, 7 सितम्बर, नगर निगम के सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी ने सोमवार को राजस्व वसूली की समीक्षा की. साथ ही 12 सितम्बर को होने वाली लोक अदालत की तैयारी की भी जानकारी ली. उन्होने कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाए, बकायादारों के खिलाफ कार्यवाही करे. कई वार्डो में बहुत कम राजस्व वसूली है जिसको लेकर नाराजगी जताई है. साथ ही छूटे हुए मकानों एवं सम्पत्तियों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिये है.

कचूर गांव से चंदन के 2 पेड़ चोरी, मोबाईल और नगदी भी पार

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, रीवा के चोरहटा थाना अंतर्गत ग्राम कचूर में बीती रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है.

अज्ञात चोरों ने संपत कुमार द्विवेदी के घर के आंगन से चंदन के दो कीमती पेड़ काट लिए और घर के अंदर घुसकर मोबाइल और नगदी पर भी हाथ साफ कर दिया. खास बात यह है की घटना के वक्त पीड़ित परिवार के सभी सदस्य घर के भीतर ही सो रहे थे, लेकिन चोरो की भनक तक नहीं लगी. जानकारी के मुताबिक चोरों ने पहले घर के परिसर में लगे दो कीमती चंदन के पेड़ों को बेहद शातिर तरीके से काटा. इसके बाद चोर घर के अंदर दाखिल हुए और वहां रखे मोबाइल फोन और कुछ नगद पैसे चोरी कर चंपत हो गए. गहरी नींद में होने के कारण परिवार के किसी भी सदस्य को भनक तक नहीं लगी. सुबह जब परिजनों की आंख खुली, तो कटे हुए पेड़ और घर का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए. फिलहाल पीड़ित परिवार द्वारा घटना की सूचना तुरंत नौवस्ता चौकी को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया है. पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. फिलहाल ग्रामीण अंचल में चंदन के पेड़ की चोरी को लेकर लोग ड़रे हुए है.

मेडिकल कालेज के नये डीन ने कार्यभाल सम्भाला

डा. इंदूलकर होंगे इंचार्ज डीन, डा. गर्ग अवकाश पर

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, श्यामशाह मेडिकल कालेज में नए डीन डा. शशिधर गर्ग ने पदभार सम्भालने के साथ रविवार को अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण किया. साथ ही कर्मचारियों और डाक्टरों को हिदायत दी कि काम में लापरवाही नही चलेगी. दूसरे दिन सोमवार को अपना चार्ज देकर अवकाश पर चले गये.

गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार विरोध चल रहा है. जच्चा-बच्चा की मौत के बाद डीन और अधीक्षक पर गाज गिरी. रविवार की दोपहर नये डीन की पदस्थापना हुई और शाम को आनन-फानन पदभार ग्रहण करने के साथ संजय गांधी अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण भी किया. डॉ मनोज इंदूलकर को डॉ शशिधर गर्ग चार्ज देकर अवकाश पर चले गए हैं. वह माता पिता का इलाज कराने जाने वाले थे. वह पहले से ही अवकाश स्वीकृत करा चुके थे. हालांकि बीच में ही आदेश होने पर उन्होंने बाहर जाने के पहले चार्ज ले लिया और सोमवार से अवकाश पर चले गए हैं. उनके अवकाश पर जाने के दौरान मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी डॉ मनोज इंदूलकर विभागाध्यक्ष मेडिसिन सम्हालेंगे. संजय गांधी अस्पताल में अधीक्षक के पद पर डॉ प्रियंक शर्मा पदस्थ किए गए हैं. वहीं मेडिकल कॉलेज में डॉ शशिधर गर्ग को चार्ज मिला है. अब ऐसे में अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद लगाई जा रही है. दोनों ही अधिकारी इमानदार माने जाते हैं, इनका प्रबंधन भी ठीक है. ऐसे में काम में कसावट जरूर नजर आएगी. अभी तक जो मनमानी चल रही थी वह नहीं चलेगी और व्यवस्था सही होगी.

डा. मनोज इंदूलकर को बनाया गया विभागाध्यक्ष

संजय गांधी अस्पताल में लगातार इलाज में लापरवाही बरती जा रही है. डॉक्टरों के लापरवाही के कारण मरीजों को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है. विभागाध्यक्ष भी डॉक्टरों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे. नाइट ड्यूटी में भी डॉक्टर रोस्टर के हिसाब से नहीं पहुंच रहे थे, सिर्फ एसआर, जेआर और पीजी के भरोसे ही अस्पताल और मेडिसिन विभाग चल रहा था. इसी लापरवाही का नतीजा है कि संजय गांधी अस्पताल की छवि धूमिल हुई. मेडिसिन विभाग में ही भर्ती एक सीधी के मरीज को मृत घोषित कर दिया गया था. बाद में वह जिंदा निकला और उसे गंभीर रोगी वार्ड में भर्ती किया गया था. इस मामले ने भी खूब तूल पकड़ा. कांग्रेस ने इस मामले पर भी हंगामा किया. इस मामले में नए डीन डॉ शशिधर गर्ग ने रविवार को ज्वाइन करते ही एक्शन लिया. एचओडी डॉ पीके बघेल को ही पद से हटा दिया. मेडिसिन विभाग में डॉ मनोज इंदूलकर वरिष्ठ हैं उन्हें कुछ महीनों के लिए सिंगरौली मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया था. इस दौरान एचओडी की जिम्मेदारी डॉ पीके बघेल को सौंप दी गई थी. बाद में जब डॉ मनोज इंदूलकर लौटे तो वह उनके अंडर में ही काम कर रहे थे. एचओडी का प्रभार उन्हें वापस नहीं मिला था. नए डीन ने कार्रवाई करते हुए दोबारा से डॉ मनोज इंदूलकर का उनका सम्मान लौटाया.

जनसुनवाई के आवेदनों का सात दिवस में शत-प्रतिशत निराकरण करें : सूर्यवंशी

नवभारत न्यूज

रीवा, 7 सितम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा सभी अधिकारी जनसुनवाई के आवेदन पत्रों का सात दिन में निराकरण करें.

निराकरण की सूचना आवेदक को भी अनिवार्य रूप से दें. सीएम हेल्पलाइन में अगस्त माह में दर्ज शिकायतों और 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का तत्परता से निराकरण कराएं. जिले का वेटेज स्कोर तीन दिनों में 80 प्रतिशत तक पहुंचाएं. ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, पीएचई विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं. एसडीएम तहसीलवार समीक्षा करके विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण कराएं.

जाति प्रमाण पत्र से संबंधित प्रकरणों का तीन दिवस में निराकरण करें. सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर सभी अधिकारी तत्परता से कार्यवाही करें. विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति में रीवा जिले को प्रदेश में टॉप फाइव में शामिल कराएं. निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की कार्यालय प्रमुख स्वयं समीक्षा करके अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करें. विभाग की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं.

प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत देने की मांग

रीवा, 7 सितम्बर, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई रीवा की मासिक बैठक उद्यानिकी परिसर में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं बैठक अध्यक्ष रविदत्त सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक की शुरुआत भगवान बलराम जयंती के कार्यक्रम के साथ हुई. इस दौरान संगठनात्मक एवं किसान-मजदूरों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा सिवनी जिले से 15 अगस्त 2026 से प्रारंभ की गई जन जागरण यात्रा के संबंध में भी जानकारी दी गई. यात्रा का समापन 10 सितम्बर 2026 को सिवनी में होगा. समापन कार्यक्रम में महाकौशल प्रांत के सभी जिलों के पदाधिकारी तथा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा उपस्थित रहेंगे. बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री रविदत्त सिंह, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष शोभनाथ कुशवाहा, जिलाध्यक्ष रीवा भक्त प्रहलाद वर्मा, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोंधिया, मीडिया प्रभारी विवेक पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रीवा अरुण पटेल मौजूद रहे.